तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

195 अस्पताल में लगा शिविर, 2227 लोगों की हुई स्क्रीनिंग 10



जिपं सीईओ ने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता को जांचा 10





**खबर संक्षेप**

## तेजपाल को प्रदेश सह संयोजक की जिम्मेदारी



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त प्रदेश सह-संयोजक तेजपाल शर्मा (रिंकु), को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव,संगठन महामंत्री पवन साय,सोशल मीडिया संयोजक मिथुल कोठारी और जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय के सहमति से हुई। भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया छत्तीसगढ़ संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में प्रदेश नेतृत्व ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी और डिजिटल क्षेत्र में अनुभव को देखते हुए बस्तर से जुड़े कार्यकर्ता तेजपाल शर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी का मानना है कि वर्तमान दौर में सोशल मीडिया जनसंपर्क का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है और इसके माध्यम से सरकार की नीतियों,जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठनात्मक गतिविधियों को व्यापक स्तर पर जनता तक पहुंचाया जा सकता है।नियुक्ति को संगठन के विस्तार और डिजिटल मोर्चे पर मजबूती की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, जिससे बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके।

पार्टी सूत्रों के अनुसार,नई जिम्मेदारी के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने,कार्यकर्ताओं को डिजिटल रूप से जोड़ने और पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने पर विशेष जोर रहेगा।

## 15 फरवरी के बाद सरकारी खरीदी पर पूर्ण प्रतिबंध

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने वित्तीय अनुशासन बनाए रखने और वित्तीय वर्ष के अंत में बजट खपाने की आपाधापी यानी श्मार्च रशश को रोकने के लिए एक सख्त और अहम फैसला लिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी नए निर्देशों के अनुसार प्रदेश में 15 फरवरी के बाद वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधानों से किसी भी प्रकार की नई सामग्री की खरीदी या क्रय आदेश जारी करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। वित्त विभाग के इस आदेश का मुख्य उद्देश्य राज्य की वित्तीय स्थिति को संतुलित रखना है। सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है क्योंकि अक्सर यह देखा गया है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में विभिन्न विभाग केवल बजट को व्यपगत होने से बचाने के लिए जल्दबाजी में ऐसी सामग्रियों की भी खरीदी कर लेते हैं, जिनकी तत्काल आवश्यकता नहीं होती। इस प्रवृत्ति से शासन की राशि अनावश्यक रूप से अवरुद्ध हो जाती है, जिसे वित्त विभाग ने शासन के हित में अनुचित माना है।

# केंद्र का फोकस, लेकिन फाइलों में फंसा जंगल और जमीन का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दल्लीराजहरा-जगदलपुर (235 किमी) बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना बस्तर के लिए केवल एक रेल लाइन नहीं, बल्कि विकास की जीवनरेखा मानी जा रही है। दो चरणों में बन रही इस परियोजना का पहला चरण दल्लीराजहरा-रावघाट (95 किमी) लगभग पूर्णता की ओर है। अंतागढ़ और ताडोकी तक रेल सेवाएं शुरू हो चुकी हैं, जबकि रावघाट (सरंगीपाल) तक ट्रैक निर्माण कार्य अंतिम दौर में पहुंच गया है। दिसंबर 2025 तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है, जिससे बस्तर को उत्तर छत्तीसगढ़ से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

**बस्तर की रेल राह अब भी अधूरी, 75 साल बाद भी राजधानी से सीधा जुड़ाव सपना**

अलग खबर

### फॉरेस्ट क्लीयरेंस में देरी से अटका दूसरा चरण

दल्लीराजहरा से जगदलपुर तक रेल लाइन निर्माण के पहले चरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, जबकि दूसरे चरण में जगदलपुर से रावघाट के बीच लाइन बिछाई जानी है। इस खंड में पेड़ कटाई से होने वाले वन नुकसान के आंकड़े वन विभाग द्वारा रेलवे को सौंप दिए गए हैं। शर्तों के अनुसार रेलवे को विधिवत प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर शुल्क जमा करना आवश्यक है, लेकिन अब तक ऐसा नहीं किए जाने के कारण फॉरेस्ट क्लीयरेंस की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। परिणामस्वरूप लाइन बिछाने का कार्य फाइलों में उलझा हुआ है और बस्तरवासियों को रेल सुविधा का इंतजार लंबा होता जा रहा है।



### वन नुकसान के आकंड़े रेलवे को दिए जा चुके

जगदलपुर-कोंडागांव खंड में लगभग 300 हेक्टेयर सीए लैंड पर पौधरोपण किया जाना है, जिसकी लागत रेलवे को वहन करनी है, लेकिन अब तक पेड़ कटाई और पौधरोपण की निर्धारित राशि वन विभाग को जमा नहीं की गई है। इससे परियोजना में देरी की आशंका और गहराती जा रही है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र और भूमि अधिग्रहण की जटिलताओं के बीच इस परियोजना की जिम्मेदारी आरवीएनएल और इरकॉन को सौंपी गई है। बस्तर के सामाजिक-आर्थिक विकास और रायपुर से सीधे रेल संपर्क के लिए यह परियोजना निर्णायक मानी जा रही है।

आलोक तिवारी, सीसीएफ,

रावघाट-जगदलपुर (140 किमी) दूसरे चरण को लेकर तस्वीर उतनी स्पष्ट नहीं है। भूमि अधिग्रहण (लगभग 266 हेक्टेयर) और सर्वे का कार्य जारी है, वहीं जगदलपुर से रावघाट की ओर निर्माण की शुरुआती गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। परियोजना लागत बढ़कर 3513 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, जिसे केंद्रीय रेल मंत्रालय की स्वीकृति भी मिल चुकी है। केंद्रीय रेल मंत्री ने अपने बजट भाषण में इसे बस्तर के रेल विकास की महत्वाकांक्षी परियोजना बताते हुए खास तौर पर उल्लेख किया, जिससे दूसरे चरण के शीघ्र प्रारंभ की उम्मीद जगी है। हालांकि जमीनी हकीकत यह है कि फॉरेस्ट क्लीयरेंस से जुड़ी औपचारिकताओं में लापरवाही सामने आ रही है।

### शासकीय संसाधनों से चल रहे अस्पताल में निजी मुनाफाखोरी का आरोप

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर बस्तर की जनता से लूट बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा डिमरापाल स्थित सुपर स्पेशलिस्ट कॉन्टिनेंटल अस्पताल में अत्यधिक शुल्क व अनियमितताओं के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अस्पताल प्रबंधन पर बस्तर की जनता का आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम एवं अस्पताल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कहा गया कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर आम जनता से भारी शुल्क वसूला जा रहा है,जो पूरी तरह अनुचित और जनविरोधी है।

- **अत्यधिक शुल्क और अनियमितताओं के खिलाफ सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल के सामने कांग्रेस का प्रदर्शन**

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वर्ष 2019-20 में इस परियोजना में 40 प्रतिशत राशि इस शर्त पर दी गई थी कि बस्तरवासियों को मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर सस्ती चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके बावजूद वर्तमान में ओपीडी शुल्क 900 रुपये तय करना और महंगी जांच दरें लागू करना पूर्व समझौतों के विपरीत है। जब अस्पताल की



जमीन,भवन और उपकरण शासकीय हैं तथा संचालन के लिए एनएमडीसी द्वारा प्रतिवर्ष बड़ी राशि उपलब्ध कराई जा रही है,तो निजी प्रबंधन द्वारा मुनाफाखोरी करना जनता के साथ अन्याय है। कांग्रेस ने अस्पताल प्रबंधन और सरकार के बीच हुए एमओयू को सार्वजनिक करने की भी मांग की,ताकि आमजन को अपने अधिकारों की जानकारी मिल सके।

प्रदर्शन में यह भी कहा गया कि अस्पताल द्वारा सीजीएचएस दरों का हवाला देकर शुल्क वसूलना भ्रामक है,क्योंकि यह योजना मुख्यतः केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए है। आम नागरिकों पर इसे लागू करना अव्यावहारिक और शोषणकारी है। कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शुल्कों में तत्काल कटौती कर पूर्व समझौतों के अनुरूप सस्ती चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित नहीं की गईं, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

इस दौरान शहर जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मोर्य पूर्व विधायक रेखचंद जैन, वरिष्ठ कांग्रेसी अतिरिक्त शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, सूर्योपानी, संतोष सेठिया, फूलसिंह बघेल, महामंत्री अभिषेक नायडू, जाहिद हुसैन, अमरनाथ सिंह, युवा कांग्रेस महासचिव तुलाराम कश्यप, अनुराग महतो, आदित्य बिसेन, एनएसयूआई के विशाल खंबारी, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र पटवा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कांग्रेस की आपत्तियां और मांगें

डिमरापाल स्थित सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल शासकीय जमीन, भवन और उपकरणों पर संचालित है तथा इसके संचालन के लिए एनएमडीसी द्वारा प्रतिवर्ष बड़ी शासकीय राशि दी जा रही है, इसके बावजूद निजी प्रबंधन द्वारा 900 रुपये ओपीडी शुल्क और महंगी जांच दरें वसूली जा रही हैं, जो जनहित के खिलाफ है। अस्पताल ने पहले 450 रुपये शुल्क बताकर बाद में सीजीएचएस दरों का हवाला देते हुए इसे दोगुना कर दिया, जिससे दोहरे रवैये का आरोप लगा। कांग्रेस की मांग है कि मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल की दरों पर ही सुपर स्पेशलिस्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, एमओयू की शर्तें सार्वजनिक हों,और गरीब व आदिवासी जनता के नाम पर आबंटित संसाधनों का उपयोग निजी मुनाफे के लिए न हो। मांगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

## मुख्यमंत्री साय करेंगे जनजातीय गौरव वाटिका का लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की अनमोल जनजातीय विरासत, परंपरा और प्राकृतिक सौंदर्य को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से कुम्हड़ाकोट में निर्मित जनजातीय गौरव वाटिका अब जनता को समर्पित होने के लिए तैयार है। बस्तर वन मंडल द्वारा आयोजित इस लोकार्पण एवं अवलोकन समारोह का आयोजन 6 फरवरी को शाम 5 बजे किया जाएगा। आयोजन के मुख्य अतिथिमुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे, जो अपने कर-कमलों से इस वाटिका का उद्घाटन करेंगे।



- **उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे**

मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के दोनों उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरुण साव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कुम्हड़ाकोट स्थित कार्यक्रम स्थल पर होने वाले इस समारोह में सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, विनायक गोयल, लखेश्वर बघेल सहित जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप और महापौर संजय पांडेय एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

## घर बैठे ही ई-जागृति पोर्टल से करा सकेंगे शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निर्देशानुसार गुरूवार को जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर द्वारा ग्राम पंडरीपानी-2 के मावलीगुड़ा में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे ने उपभोक्ता को परिभाषित करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य सीमा गोलछा ने आयोग में लगने वाले न्याय शुल्क के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल ने ई- हियरिंग के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश को देश का पहला राज्य बनने की जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान कर ई हियरिंग एवं ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ



प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करना पड़ेगी। घर बैठे ही ई-जागृति पोर्टल द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। ऐसी स्थिति में आम उपभोक्ता बीमा, फसल बीमा, बैंकिंग सुविधा, कोचिंग संस्थान एवं निर्माण कार्य एजेंसियों के विरुद्ध आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। कार्यक्रम में सरपंच जदूराम कश्यप, उप सरपंच मोतीलाल कश्यप, सचिव मुरारी शर्मा, उप निरीक्षक एसके तिवारी, संतोष नाग, बुधराम कश्यप, चितूराम नाग, भादू नाग, चिंगड़ूराम बघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन तथा जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी अनंत वैद्य, भारत-भूषण टंडन, अभिषेक तिवारी, सुधीर गुप्ता, संतोष देवांगन, नरपत नाग, भुवनेश्वर ठाकुर एवं मिथिलेश कुशवाहा शामिल रहे।

### जगतू माहरा स्कूल में सजेगा जिला स्तरीय मंच

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुप्रतीक्षित संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण को लेकर बस्तर जिले में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 6 फरवरी को होने वाले इस राष्ट्रव्यापी आयोजन के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने व्यापक इंतजाम किए हैं। बस्तर के कुल 1574 स्थानों पर एक साथ इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा, ताकि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ सुदूर वनांचल के विद्यार्थी भी प्रधानमंत्री के संवाद का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था विद्यालयों के साथ ही सामुदायिक भवनों में भी की गई है। जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडे ने बताया कि इस महाअभियान का केंद्र बिंदु जगदलपुर शहर स्थित ऐतिहासिक जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बस्तर हाई स्कूल) रहेगा, जहाँ जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## सौ से अधिक प्रशंसा पत्र प्राप्त कर चुके प्रधान आरक्षकों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तीन दशक से अधिक समय तक पुलिस विभाग में सेवा देने के बाद सेवानिवृत हुए दो प्रधान आरक्षकों को आयोजित समारोह में विदाई दी गई। इस दौरान एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने दोनों अनुभवी प्रधान आरक्षकों के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा उनके सुखद, स्वस्थ एवं दीघार्यु सेवानिवृत्त जीवन की मंगलकामना की। अपने कार्यकाल में दोनों प्रधान आरक्षकों ने सौ से अधिक प्रशंसापत्र व नगद पुरष्कार से नवाजा जा चुका है। जिला पुलिस मुख्यालय में एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग की मौजूदगी में प्रधान आरक्षक शामनाथ मौर्य एवं महेश दास के लिए एक भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया था। एसपी ने बताया कि शामनाथ मौर्य ने 37 वर्ष 10 माह और 30 दिन की समर्पित सेवा कि इन्होंने 1 फरवरी 1989 को आरक्षक के रूप में सेवा प्रारंभ की थी उन्होंने अपने कार्यकाल में इन्होंने 9 नकद पुरस्कार व 35 प्रशंसा पत्र प्राप्त किए। वहीं प्रधान आरक्षक महेश दास 35 वर्ष 2 माह और 1 दिन की विभाग में सफल सेवा की इन्होंने 30 नवंबर 1990 को विभाग में पदार्पण किया था। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उन्हें 43 नकद पुरस्कार एवं 66 प्रशंसा पत्र से नवाजा गया। दोनों ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा के बल पर 27 अप्रैल 2016 को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त की। विशेष रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच उन्होंने धैर्य और अनुशासन का परिचय देते हुए विभाग का मान बढ़ाया। विदाई समारोह के दौरान डीएसपी ट्रेफिक सतोंष जैन, रक्षित निरीक्षक अभिजीत भदौरिया के अलावा जिला पुलिस परिवार ने उनके योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा उनके सुखद, स्वस्थ एवं दीघार्यु सेवानिवृत्त जीवन की मंगलकामना की।

- **35 वर्ष से अधिक पुलिस विभाग में सेवा देना के बाद हुए सेवानिवृत**
- **विदाई समारोह में एसपी ने की कार्यकाल की प्रशसा**

### परिवहन विभाग का उड़नदस्ता अभियान चलाकर करेगा जांच, कसेगा शिकंजा

# बस्तर में दौड़ रहे ओवरलोड व बिना फिटनेस के वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में परिवहन विभाग इन दिनों पूरे एक्शन में है। विभाग ने ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसेगा, जो या तो निर्धारित क्षमता से अधिक भार का परिवहन कर रहे हैं या फिर बिना फिटनेस के ही सड़कों पर दौड़ रहे हैं। परिवहन विभाग ने पिछले दो दिनों से लगातार कार्रवाई कर ऐसे वाहनों की धरपकड़ की है, जो ओवरलोड या बिना फिटनेस के सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ते पाए गए हैं। लंबे समय से क्षेत्र में ऐसे वाहनों की शिकायतें मिल रही थीं। विभाग ने इन दो दिनों में अभियान चलाकर ओवरलोड एवं बिना फिटनेस वाहनों का पंजीयन प्रमाण पत्र निलंबित करेगा। ऐसे वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र सस्पेंड किए जाएंगे, उसके बाद वाहनों का उपयोग में नहीं कर पाएंगे। बताया गया है कि परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार थ्री एक्सेल ट्रेलर में 55 टन और टू एक्सेल ट्रेलर में 45 टन तक भार का लदान किया जा सकता है। जिससे ट्रेलर चालक नियमों को धता बताकर 80 टन तक का माल ढो रहे हैं, इससे सरकारी राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।



### हादसे होने का खतरा बना रहता

बताया जा रहा है कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहन बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ते हैं, जिससे हमेशा हादसे होने का खतरा बना रहता है और लोगों की जान जोखिम में रहती है। ओवरलोड को लेकर ट्रेलर चालकों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे पत्थर के ऊपर पत्थर लेकर बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के परिवहन करते हैं। इस तरह के सैकड़ों ट्रेलर ओवरलोड होकर आबादी क्षेत्रों से होकर गुजरते हैं, जिनके चलते हादसे का भय बना रहता है।

### वाहनों की होगी धरपकड़



संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे और उड़नदस्ता प्रभारी, निरीक्षक पुष्पेन्द्र साहू ने बताया कि इलाके में ऐसे वाहन भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जो भौतिक रूप से चलने लायक नहीं हैं। बिना फिटनेस जांच के ही इनका संचालन किया जा रहा है, जो कभी भी दुर्घटनाओं का सबब बन सकता है। विभाग द्वारा ऐसे वाहनों की भी धरपकड़ की जा रही है।

# 195 अस्पताल में लगा शिविर, 2227 लोगों की हुई स्क्रीनिंग

**विश्व कैंसर दिवस पर संपूर्णता अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर व जागरुकता कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत एस्पिरेशनल जिले में मुख, स्तन एवं ग्रीवा कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। जिले के 173 उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं 22 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 2227 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। एस्पिरेशनल ब्लॉक माकड़ी की 34 संस्थाओं में 443 लोगों का कैंसर स्क्रीनिंग किया गया।

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला कोण्डागांव में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर के प्रति जन–जागरुकता बढाना, शीघ्र पहचान को प्रोत्साहित करना एवं समय पर उपचार के लिए स्वास्थ्य सेवाओं से लोगों को जोड़ना था। इस वर्ष विश्व कैंसर दिवस की थीम के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला नोडल अधिकारी गैर संचारी रोग कार्यक्रम डॉ. ममता ठाकुर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना माहलवार के नेतृत्व में जिला एवं विकासखंड स्तर पर विविध गतिविधियाँ संपन्न हुईं।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर एवं पुरुषों में मुख कैंसर के प्रति जागरुकता, बचाव एवं उपचार की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी ने कहा कि कैंसर कोई अंत नहीं बल्कि एक चुनौती है, जिसे जन–जागरुकता, समय पर जांच एवं सही इलाज से हराया जा सकता है। कैंसर से डरने की नहीं, बल्कि मिलकर उससे लड़ने की आवश्यकता है।





**विविध गतिविधियों का आयोजन** – कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए सामूहिक चर्चा, ऑडियो–वीडियो प्रचार, व्यक्तिगत संवाद, स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम, स्लोगन लेखन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में तंबाकू मुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित कैंसर जांच कराने का संकल्प लिया गया।

## खबर संक्षेप

### देवपुर में निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन 21 से

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर का वार्षिक सम्मेलन 21 व 22 फरवरी को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखा गया है। वार्षिक सम्मेलन में नवनिर्वाचित पाली पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, सामाजिक प्रकरणों का निपटारा तथा कोषाध्यक्ष द्वारा सालभर के आय-व्यय की जानकारी दी जायेगी। सम्मेलन की तैयारी में पाली पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

### ऋण वसूली शिविर 6 से 27 फरवरी तक

**धमतरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित राष्ट्रीय निगम की योजनाओं में लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली करने के लिए 6 से 27 फरवरी तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी ने बताया कि 6 फरवरी को जनपद पंचायत भवन कुरूद, 17 फरवरी को कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 48 स्थित जिला अंत्यावसायी कक्ष में, 20 फरवरी को जनपद पंचायत भवन मगरलोड और 27 फरवरी को अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र नगरी में शिविर लगाए जाएंगे। दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित इन शिविरों में हितग्राहियों को किस्त राशि जमा कर रसीद प्राप्त करने और दाण्डिक ब्याज से बचने के लिए ऋण की संपूर्ण बकाया राशि अदा करने की अपील की गई है।

### विधवा, विधुर, तलाकशुदा परिचय सम्मेलन 22 को

**धमतरी।** सामाजिक संस्था रायपुर ब्राइट फाउंडेशन की ओर से 22 फरवरी को पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर सत्संग हॉल में सभी जाति, समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा, युवक-युवती, दिव्यांग सभी उम्र की महिला एवं पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया है। फाउंडेशन की ज्योति हिरणवार ने बताया कि एकाकीपन का जीवन व्यतीत कर रहे महिला, पुरुषों के अंधेरे जीवन में फिर से बाहर लाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए अभी तक 126 पुरुष, 43 महिलाओं का पंजीयन हो चुका है। पंजीयन अभी भी जारी है। इस वर्ष महिलाओं का पंजीयन निःशुल्क है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ ले सके। कार्यक्रम की तैयारी में जानकी गुप्ता, ज्योति हिरणवार और डॉ. सरिता जुटे हैं।

### ट्रक की ठोकर से ट्रैक्टर इंजन के परखच्चे उड़े, चालक हुआ घायल

**धमतरी।** नेशनल हाईवे में ट्रक ने ट्रैक्टर को ठोकर मार दी। इस घटना में ट्रैक्टर के इंजन के परखच्चे उड़ गए। वहीं ट्रेक्टर चालक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को ट्रैक्टर इंजन नेशनल हाईवे से गुजर रहा था। इसी दौरान पुरी मोड़ के पास ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर इंजन के परखच्चे उड़ गए। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर के इंजन का पिछला बड़ा पहिया टूटकर अलग हो गया। वहीं इंजन भी पूरी तरह कबाड़ हो गया।

## गांवों एवं हाट-बाजारों में कला जत्था व दीवार लेखन से भी फैलाएंगे जनजागरुकता

# वनों को आग से बचाने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक, दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



- फरसगांव में वन मण्डल स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला

ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित वनाग्नि की रोकथाम एवं वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोगों को जागरूक किया गया। जिले में वनों को आग से बचाने के लिए केशकाल वन मण्डल अंतर्गत फरसगांव में स्थित निस्तार डिपो में गुरुवार को केशकाल वनमण्डलाधिकारी दिव्या गौतम और फरसगांव उप वन मण्डलाधिकारी एन के सिन्हा, केशकाल उप वन मण्डलाधिकारी सुषमा जे नेताम सहित सभी रेंजरों व वनकर्मियों की उपस्थिति में एक दिवसीय वन मण्डल स्तरीय अग्नि बचाव कार्यशाला एवं जन-जागरुकता अभियान का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया। अग्नि पहरी ,वन प्रबन्धन समितियों के लोगों को प्रॉजेक्टर के माध्यम से वनों को आग से बचाने के बारे में बताकर जागरूक किया गया।

**आग की घटना नहीं होने पर मिलेगा ईनाम :** इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी केशकाल दिव्या गौतम ने कहा कि "वनाग्नि से न केवल वन संपदा को अपूरणीय क्षति होती है, बल्कि जैव विविधता, वन्यप्राणी एवं ग्रामीणों की आजीविका भी प्रभावित होती है। वनों की सुरक्षा केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। गांवों एवं हाट-बाजारों में कला जत्था एवं दीवार लेखन के माध्यम से आमजन को जागरूक कर हम वनाग्नि की घटनाओं में प्रभावी कमी ला सकते हैं।" उन्होंने अग्नि पहरियों से कहा है कि जिस क्षेत्र में अग्नि की घटना शून्य रहेगी तो उसे 5001 हजार रुपये नकद पुरस्कार देंगे। इस कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि , वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, वन प्रबन्धन समितियों, अग्नि पहरी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**अन्य माध्यमों से भी करेंगे जागरूक :** इस अभियान के अंतर्गत वन मण्डल क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं साप्ताहिक हाट-बाजारों में कला जत्था के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, लोकगीत एवं संवादात्मक प्रस्तुतियां आयोजित की जायेगी, ताकि आमजन को वनाग्नि से होने वाले दुष्परिणामों तथा उससे बचाव के उपायों की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से मिल सके।

साथ ही, दीवार लेखन के माध्यम से "वनों में आग न लगाएं", "वन हमारी अमूल्य धरोहर हैं", "बीड़ी-सिगरेट जलाकर न फेंकें" एवं "आग की सूचना तुरंत दें" जैसे संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### जनभागीदारी के माध्यम से सुरक्षित रखेंगे

वही फरसगांव उप वन मण्डलाधिकारी एन के सिन्हा ने कहा कि विशेष रूप से महुआ, तेंदूपत्ता एवं अन्य वनोपज संग्रहण के दौरान आग का प्रयोग न करने तथा किसी भी प्रकार की वनाग्नि की सूचना तत्काल निकटतम वन कार्यालय या वनकर्मी को देने की अपील की गई। केशकाल उप मण्डलाधिकारी सुषमा जे नेताम द्वारा बताया गया कि अग्नि मौसम के दौरान यह जन-जागरूकता अभियान केशकाल वन मण्डल क्षेत्र में निरंतर संचालित किया जाएगा, जिससे जनभागीदारी के माध्यम से वनों को आग से सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने वनों की सुरक्षा एवं वनाग्नि रोकथाम हेतु सक्रिय सहयोग करने का संकल्प लिया।

# जिपं सीईओ ने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता को जांचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- निर्माणाधीन आवासों का किया औचक निरीक्षण
- लापरवाही पर ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने विकासखण्ड कोण्डागांव के ग्राम पंचायत गिरोला अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवास निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता एवं उपयोग की जा रही सामग्री की मौके पर जांच की। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने आवास हितग्राही श्रीमती हिरामती, मेहरारिन, सावित्री एवं दशाय से सीधे बातचीत कर निर्माण कार्य की स्थिति एवं आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत प्रतिनिधियों एवं तकनीकी अमले को अपूर्ण एवं धीमी गति से चल रहे आवासों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव विद्या देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कोण्डागांव को निर्देशित किया गया।

### ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोण्डागांव उत्तम कुमार महोबिया सहित जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव तथा जनप्रतिनिधिगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# धनोरा में मानसगान महोत्सव का आयोजन



**धनोरा।** केशकाल ब्लाक के धनोरा में राज्य स्तरीय त्रि दिवसीय मानसगान महोत्सव का आयोजन गुरुवार से प्रारंभ हुआ ।

आयोजन आरंभ करने के पूर्व कलश यात्रा निकाली गयी। नगर भ्रमण व मां शीतला का पूजा आराधना पश्चात कार्यक्रम स्थल पर पंहुचा। जिसमें धनौरा एवं आसपास के ग्राम के ग्राम प्रमुख प्रतिष्ठित जन पंचायत पदाधिकारी एवं महिलाऐं बड़ी संख्या में सहभागी बनी ।

आयोजन में क्षेत्र के तथा प्रदेश के ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है । 8 फरवरी को समापन होगा । जिसमें सांसद भोजराज नाग, विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व सांसद तथा तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संरक्षक मोहन मंडावी के अलावा अन्य प्रतिष्ठित पदाधिकारीगण का आगमन होगा। आयोजन को भक्तिभावमय एवं भव्य बनाने में अंचल के श्रद्धालुजन पूरे समर्पित भाव से जुटे हुए हैं ।

# कलेक्टर ने लाइब्रेरी भवन, धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण



- निर्धारित समय पर कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

**फरसगांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने गुरुवार को फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन लाइब्रेरी भवन का भी निरीक्षण किया और इसे निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात उन्होंने फरसगांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर खरीदे गए धान की गुणवत्ता एवं वजन की जांच की। इस दौरान उन्होंने पीवी के अनुसार शेष धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लंजोड़ा में महतारी सदन भवन के निर्माणाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम फरसगांव अश्वन पुसाम, तहसीलदार जय नाग, जनपद पंचायत सीईओ रूपेन्द्र नेताम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने ग्राम किबई बालेंगा में 64 छात्राओं को बांटी निःशुल्क सायकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल व खेल सामग्री वितरण

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम किबई बालेंगा में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड कोण्डागांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किबई बालेंगा की 64 छात्राओं को राज्य शासन की निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत सायकल एवं खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी–कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सीसी रोड का उसेंडी ने किया भूमिपूजन

कार्यक्रम के दौरान विधायक सुश्री उसेंडी ने ग्राम पंचायत किबई बालेंगा गंगामुण्डा में 5 लाख 20 हजार रुपये की लागत से बनने वाली 200 मीटर सीसी सड़क का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। सायकल योजना से ग्रामीण क्षेत्रें की छात्रओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी उपस्थिति बढ़ेगी और वे उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम : जिला अस्पताल में एक दिवसीय विशेष हृदय जांच शिविर लगा

# 49 बच्चों के जन्मजात हृदय रोग की हुई पुष्टि, 26 को तत्काल सर्जरी की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) अंतर्गत जिले में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में जन्मजात हृदय दोषों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला अस्पताल में एक दिवसीय विशेष हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया।

यह विशेष शिविर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी यूएल कौशिक के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व से चिन्हित एवं पात्र बच्चों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गहन जांच की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जन्मजात दोष, विकासात्मक विलंब, पोषण संबंधी समस्याओं एवं गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उन्हें निःशुल्क एवं समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना रहा।

शिविर में एमएमआई रायपुर की वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. किंजल बक्शी ने अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से बच्चों की ईकोकार्डियोग्राफी जांच कर हृदय रोगों की सटीक पहचान की। शिविर के दौरान कुल 53 बच्चों की जांच की गई, जिनमें से 49 बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई। इनमें 26 बच्चों को तत्काल सर्जरी की आवश्यकता पाई गई, जबकि 23 बच्चों को नियमित फॉलो-अप एवं आगे के उपचार हेतु चिन्हित किया गया। वहीं4 बच्चे ईको जांच में पूर्णतः सामान्य पाए गए।





इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से बच्चों में गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि चिन्हित बच्चों को उपचार, सर्जरी एवं फॉलो-अप में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। शिविर के सफल आयोजन में जिला स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं आरबीएसके टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# एलएंडटी के सहयोग से दिया जाएगा मुफ्त कौशल प्रशिक्षण

- आज लाइवलीहुड कॉलेज में काउंसलिंग आयोजित

**कोण्डागांव।** लार्सन एण्ड टुब्रो कन्स्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट पनवेल के सौजन्य से युवाओं के लिए निर्माण कार्य से संबंधित विभिन्न कोर्स में दो माह का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बढ़ईगिरी, राजमिस्त्री, बार बेंडिंग एवं स्टील फिक्सिंग, इलेिट्रकल, टाइलिंग तथा वेल्डिंग पाइप जैसे कोर्स शामिल हैं। इस प्रशिक्षण में 10वीं, 12वीं अथवा आईटीआई तक शिक्षा प्राप्त युवक भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्रावास में रहने एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। उम्मीदवारों को केवल दरी, चादर एवं अपने नियमित उपयोग के कपड़े साथ लाने होंगे। दो माह का प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत उम्मीदवारों को निःशुल्क आवास सुविधा के साथ न्यूनतम 16 रुपए प्रतिमाह वेतन पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। साथ ही उम्मीदवार की न्यूनतम लंबाई 155 सेमी एवं वजन 45 किलोग्राम होना आवश्यक है। इच्छुक हितग्राही अपने समस्त दस्तावेजशैक्षणिक अंकसूची, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की 3 सत्यापित प्रतियां एवं 4 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो के साथ 6 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, खुडटोबरा रोड डोंगरीपारा, कोण्डागांव में उपस्थित होकर काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## सिविल अस्पताल में राज्य स्तरीय दल ने किया मूल्यांकन



**बस्तर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ की कायाकल्प योजना 2025-26 के अंतर्गत आज सिविल अस्पताल भानपुरी में राज्य स्तरीय मूल्यांकन दल द्वारा बाह्य मूल्यांकन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि सहकर्मी मूल्यांकन में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अस्पतालों का ही चयन इस अंतिम चरण हेतु किया गया है।

मूल्यांकन के दौरान अस्पताल की उत्कृष्ट स्वच्छता देख संयुक्त संचालक डॉ. महेश सांडिया ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों को संस्था की रीढ़ बताते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और इस स्तर को निरंतर बनाए रखने की बात कही। इस बाह्य मूल्यांकन हेतु गठित टीम 9 के राज्य स्तरीय विशेषज्ञों में प्रोग्राम मैनेजर सीसी संतोष एवं यूनिसेफ स्टेट कंसलटेंट डॉ. श्रद्धा वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ यूनिसेफ डिविजनल कंसलटेंट मनीष नायक, आरएमएनसीएच जिला सलाहकार प्रसन्न शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण सिंह नाग एवं बीपीएम राजेन्द्र कुमार बघेल ने भी मूल्यांकन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता दी। यह उपलब्धि कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (बस्तर) डॉ. संजय बसाक और डीपीएम डॉ. रीना लक्ष्मी के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। सिविल अस्पताल भानपुरी के प्रभारी डॉ. अमित शर्मा के नेतृत्व में अस्पताल स्टाफ द्वारा निरंतर ऐसे स्वच्छता कार्यक्रमों में भाग लेना उनकी सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। निरीक्षण के दौरान शोभा कांबले (नर्सिंग सिस्टर) सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मुस्तैद रहा। विभागीय अधिकारियों ने सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भानपुरी अस्पताल ने अपनी गुणवत्ता से राज्य में एक मानक स्थापित किया है।

## अपात्र शिक्षकों को प्रधान पाठक में पदोन्नति की तैयारी

**गीदम।** संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर के द्वारा प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक शाला के रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया लगभग चार वर्षों के उपरांत प्रारंभ की गई है। इस क्रम में 4 फरवरी को पदोन्नति हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है।



शिक्षक एल.बी टी संवर्ग, एल.बी.ई संवर्ग एवं नियमित टी. संवर्ग में क्रमशः 1300 , 30 , 235 पदोन्नति हेतु पात्र शिक्षकों की सूची प्रकाशित की गई है। वर्तमान में पदोन्नति हेतु प्रकाशित पात्र सूची में 2022 में प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक शाला में पदोन्नति प्राप्त 216 शिक्षक टीएलबी को नियम विरुद्ध पुनः पात्र सूची में स्थान दिया गया है। यही स्थिति नियमित टी संवर्ग हेतु प्रकाशित पात्र सूची की भी है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम की कण्डिका 15 के अनुसार प्रथम पदोन्नति से इंकार करने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के लिए या अगली रिक्तियों के उद्भूत होने तक जो भी पश्चातवर्ती हो, पदोन्नति हेतु कोई नया प्रस्ताव पूर्व में पदोन्नति से इंकार करने वाले शिक्षकों को नहीं दिया जावेगा । साथ ही साथ ऐसे शिक्षकों के खिलाफ शासकीय आदेश की अवमानना हेतु अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जावेगी।

**हरिभूमि की खबर पर लगी मुहर**

# बाघ की उपस्थिति से इलाके में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बचेली

वनांचल भूमि में छपी बाघ के मौजूदगी की खबर पर वन विभाग की मुहर लग गई है। वन विभाग द्वारा पत्र जारी कर आम जनता को सतर्क रहने के लिए अपील की है।

बचेली दंतेवाड़ा जिला के राजा बंगला क्षेत्र में लगातार बाघ की आवाजाही है। पिछले पांच वर्षो का डेटा देखने से यह स्पष्ट प्रमाणित होता है। इस क्षेत्र के आसपास खनन हेतु मानवीय दखल बढ़ने से बाघ अब गांव की ओर आने लगा है। रिहायशी इलाकों के इतने करीब टाइगर (बाघ) का देखा जाना स्थानीय लोगों के लिए बड़ी चिंता का विषय है। खासकर शाम ढलने के बाद और सुबह जल्दी (अंधेरे में) बाहर निकलने से बचें। अगर बाहर जाना जरूरी हो, तो समूह में जाएं और बात करते रहें या मोबाइल पर गाने बजाएं ताकि जानवर आपकी मौजूदगी जानकर दूर हट जाए। अपने घर के आसपास और रास्तों पर पर्याप्त रोशनी रखें। बाघ अक्सर अंधेरे का फायदा उठाकर छिपते हैं।

अपने मवेशियों या पालतू कुत्तों को रात में खुले में न छोड़ें, उन्हें सुरक्षित बाड़े या घर के अंदर रखें। अगर आपने बाघ को देखा है या उसके पदचिह्न देखे हैं, तो तुरंत स्थानीय रेंजर या वनपाल को सूचित करें। आपातकालीन स्थिति में 112 डायल करें। बाघ से बचने के लिए कभी भी उसकी तरफ पीठ न करें और न ही उसकी ओर दौड़ें। धीरे-धीरे पीछे हटें और ऊंचे स्थान पर जाने की कोशिश करें।

संरक्षित पशु बाघ ताडोबा इंद्रावती टाईगर रिजर्व होते हुए प्रतिवर्ष उदंती के जंगलो तक सफर करता है ऐसे मे जंगल के कुछ स्थान को वन्यजीव के आने जाने हेतु मानव पहुंच से दूर रखना आवश्यक है यह मानव एवं वन्यजीव दोनों के लिए आवश्यक है।

बचेली और दंतेवाड़ा का यह इलाका भौगोलिक रूप से ताडोबा-अंधारी (महाराष्ट्र), इंद्रावती (छत्तीसगढ़) और उदंती-सीतानदी जैसे प्रमुख टाइगर रिजर्व के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करता है। जब खनन या अन्य औद्योगिक गतिविधियों के कारण इन प्राकृतिक रास्तों में बाधा आती है, तो मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति पैदा होती है। बाघ जैसे बड़े शिकारी जीव एक जंगल से दूसरे जंगल तक जाने के लिए दशकों पुराने रास्तों का उपयोग करते हैं। अगर बीच में खनन या बस्तियां बस जाती हैं, तो वे भ्रमित होकर रिहायशी इलाकों में घुस जाते हैं। राजा बंगला और उसके आसपास के जंगलों में नो-गो जोन या सुरक्षित गलियारे बनाना जरूरी है, जहां मानवीय दखल पूरी तरह प्रतिबंधित हो।

आर्थिक विकास जरूरी है, लेकिन अगर यह वन्यजीवों के आवास की कीमत पर होता है, तो अंततः इसका नुकसान स्थानीय निवासियों को ही उठाना पड़ता है।

## न्यायाधीश ने बंदियों को दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आज फैमिली कोर्ट जज हरीश कुमार अवस्थी, एवं सचिव वरिष्ठ जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनन्त दीप तिर्की द्वारा जिला जेल दंतेवाड़ा में बंदियों को विधिक जानकारी दी। फैमिली कोर्ट जज द्वारा बताया गया की भारतीय न्याय संहिता की धारा 82 में प्रावधान है कि जो कोई महिला या पुरुष अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए बिना विधिवत तलाक लिए बिना विवाह करता है तो ऐसे पति या पत्नी को सात वर्ष तक कारावास और जुर्माने तक की सजा होती है तथा दूसरा विवाह अवैध है। कोई पति या पत्नी अपना पूर्व विवाह को छिपा कर दूसरा विवाह करता है तो ऐसे पति या पत्नी को दस वर्ष तक का कारावास और जुर्माना की सजा हो सकता है।

### विद्युत विहीन ग्राम होंगे सौर ऊर्जा से रोशन

# अति दूरस्थ व पहुंच विहीन ग्राम लावा में कलेक्टर ने लगाई चौपाल





हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

कुआकोंडा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित लावा (लौहा) के ग्रामीणों ने कल्पना भी नहीं की थी कि आज जिले के कलेक्टर उनसे आत्मीय संवाद करके ग्राम के बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने की पहल करेगें। किरंदुल मुख्य खनन एरिया से लगभग 8 किलोमीटर दूर दुर्गम पहाड़ी एवं घनघोर वनों से घिरा हुआ लावा गांव

■ **रोड कनेक्टिविटी है मुख्य समस्या, ग्रामीणों से किया आत्मीय संवाद**

नैसर्गिक सुंदरता घने जंगल, ऊँचे-ऊँचे पेड़, पक्षियों की मधुर आवाज और छोटे-छोटे नालो की शांत धारा के बीच अवस्थित है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां तक पहुंचना आसान नहीं है। पहाड़ों के बीच घुमावदार से गुजरने वाली पक्की डंडी मार्ग ही इसे किरन्दुल मुख्यालय से जोड़ती है।

इस क्रम में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव आज गांव लावा पहुंचे और वहां की जमीनी हकीकत का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरे में विशेष बात यह रही कि कलेक्टर सीईओ सहित अन्य विभागीय अमले भी पहाड़ी उबड़ खाबड़ रास्ते में पदयात्रा करते हुए लावा गावं का सफर तय किया। इस दौरान पहाड़ियां की पकडंडी चलते समय कलेक्टर की मुलाकात अंड़री गांव से आ रहे ग्रामीण लिंगा और कमलेश से हुई। कलेक्टर ने उनसे सामान्य बातचीत करते उनके किरंदुल जाने का कारण पूछा। तो दोनों ग्रामीणों ने बताया कि वे अपने आधार कार्ड में सुधार कराने के लिए किरंदुल जा रहे हैं। कलेक्टर ने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूरस्थ अंचलों के लिए आधार सुधार सहित अन्य जनसेवा सुविधाएं गांव या नजदीकी पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को लंबी दूरी तय न करनी पड़े।

### गांव में होगा अब विकास का सूर्योदय

अगर लावा (लोहा) गांव की बसाहट की बात करे तो यहां मात्र 12 से 15 घर हैं और लगभग 60 से 70 लोग ही निवास करते हैं। सीमित आबादी होने के बावजूद भौगोलिक दुर्गमता के कारण यहां तक शासकीय सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। इस क्रम में गांव पहुँचकर कलेक्टर ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया और उनकी दैनिक समस्याओं व जरूरतों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने उनके समक्ष पेयजल की समस्या के साथ-साथ सड़क निर्माण की आवश्यकता, पक्के आंगनबाड़ी, स्कूल, अस्पताल, विद्युत व्यवस्था जैसी आवश्यकताओं प्रमुखता से उठाया। इस पर कलेक्टर ध्रुव ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए नरेगा के माध्यम से पेयजल हेतु गांव में कुआं खोदने, सड़क निर्माण हेतु पहाड़ियों की पगडंडियों के चौड़ीकरण एवं समतलीकरण किए जाने बात कही ताकि दुपहिया एवं सायकल जैसे आवागमन के साधन आसानी से चलाये जा सके। इसके अलावा उन्होंने गांव में ही प्री-फेब्रिकेशन मॉडल के तहत स्कूल, आगंनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक भवन बनाने तथा सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत व्यवस्था संचालन करने को निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से उनके कृषि के अलावा कुक्कुट, मत्स्य, पशुपालन जैसे रोजगारपरक व्यवसायों को अपनाने पर हर संभव विभागीय मदद देने की बात कही।

### स्वास्थ्य विभाग के टीम ने किया ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच

कलेक्टर के लोहा गांव दौरे के साथ स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के साथ-साथ शिक्षा, पीएचई, आरईएस, पंचायत के मैदानी कर्मचारी भी उक्त गांव पहुंचे इस मौके पर स्वास्थ्य टीम द्वारा जहां ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु दवाइयां वितरित किए गए वहीं आईसीडीएस की टीम ने बच्चों और महिलाओं में पूरक पोषण आहार, टीकाकरण हेतु महिलाओं और बच्चों को चिन्हित किया साथ ही पोषण संबंधित आवष्यक सलाह भी दिए। इस मौके पर कलेक्टर ने ग्राम में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर पीडीएस दुकान को किरन्दुल 11-सी स्थल में प्रारंभ करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए भी सीईओ कुआकोंडा को भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि लावा (लौहा) जैसे अंतिम छोर के गांवों का विकास प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार कर तेजी से अमल किया जाएगा। कुल मिलाकर इस दुर्गम्य क्षेत्र में कलेक्टर के इस महत्वपूर्ण दौरे और उनके द्वारा गांव के विकासात्मक पहल से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में उनके गांव में सुविधाओं का विस्तार होगा और जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस दौरे के दौरान जिला पंचायत सदस्य सोमारु कड़ती एवं अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ मुन्नाराम कश्यप सहित जिले के आला अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## मां संतोषी मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

मां संतोषी मंदिर की विधिवत स्थापना 7 फरवरी 2023 को संपन्न हुई थी। इस अवसर पर कोटपाड़ (उड़ीसा) के सुप्रसिद्ध पंडित बजरंग महापात्र महाराज एवं उनके सहयोगी दल द्वारा वैदिक विधि-विधान से पूजन एवं मूर्ति स्थापना कराई गई थी। वर्तमान में मंदिर के स्थायी पुजारी कृष्णमणि महाराज हैं।

मंदिर का निर्माण स्थानीय जनसहयोग द्वारा कराया गया है। वर्तमान में परचनपाल, कोलचुर, बस्तर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं द्वारा गठित मां संतोषी जनकल्याण समिति के सदस्यों के माध्यम से मंदिर का संचालन किया जा रहा है।

मंदिर परिसर में भगवान गणेश और भगवान हनुमान एवं मां संतोषी की सुंदर एवं भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। यह मंदिर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-30 से सटा हुआ है, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में विशेष सुविधा प्राप्त होती है। धार्मिक पर्व-उत्सवों के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है तथा प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में मंदिर का वार्षिकोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। समिति द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि श्रद्धालुओं के बीच प्रचलित यह धारणा कि मंदिर में खटाई खाकर जाना मना है या प्रसाद ग्रहण करने के बाद खटाई खाना वर्जित है, पूरी तरह भ्रांति है। पंडितों के अनुसार केवल वही भक्त, जिन्होंने माँ संतोषी जी का उपवास रखा है, उनके लिए खटाई का सेवन वर्जित है। सामान्य श्रद्धालु प्रतिदिन बिना किसी बाध्यता के माता के दर्शन कर सकते हैं। मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव 4 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। 6 फरवरी को महाभिषेक, महाआरती, हवन-पूजन एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया नशे के विरुद्ध जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोकापाल

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शाउमावि तोकापाल का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत बड़े आरापुर के माशा परिसर में 28 जनवरी से 3 फरवरी तक रखा गया था।

इस शिविर के माध्यम से ग्राम पंचायत के आसपास साफ सफाई किया गया, नल जल निकासी का रास्ता बनाया गया। साथ में स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर ग्रामीणों को समझाया गया कि पानी को बचाया जाये तथा गांव में स्वास्थ्य की देखभाल कर हॉस्पिटल जाना जरूरी है। शाउमावि के माध्यम से सांस्कृति के माध्यम से व नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया गया जिसका मंगलवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि रामबती भण्डारी जनपद अध्यक्ष तोकापाल, ग्राम सरपंच मोहन कच्छ, संस्था प्राचार्य जय प्रकाश पाठक एवं उप सरपंच डमरू राम ध्रुव ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी हिरेन्द्र तिवारी ने सात दिनों में स्वयं सेवकों द्वारा किये गये श्रमदान, नशा मुक्ति व स्वच्छता पर संक्षिप्त वाचन किया। स्वयं सेवकों ने नशा मुक्ति एवं 'वृक्ष बचाओ' पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक प्रस्तुत किया। ग्राम के प्रत्येक गली व मोहल्ला में जागरूकता अभियान चलाया।

इस अवसर पर पंच गोयदा राम सेठिया, रघुनाथ, रतन कच्छ, चंद्रकांत भण्डारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता रूपसिंग बघेल सहयोगी, सीएसी नरेश कश्यप, शिक्षक हिरेश वर्मा, संतोष कोर्राम, भुनेश्वर कश्यप, भीम सिंह मंडावी, समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, ग्रामवासी, स्वयंसेवक एवं स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन शैलेन्द्र सिंह बिसेन ने किया। साथ में शिविर में आये ग्रामीणों को स्व अल्पाहार दिया गया।

# रैली व सभा में सरकार की नीतियों पर तीखा हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत इच्छापुर में बुधवार को मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आयोजित कार्यक्रम में विधायक लखेश्वर बघेल शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चौक से कार्यकर्ताओं, महिला साथियों एवं ग्रामीणों के साथ रैली निकालकर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। रैली के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना का नाम बदलकर एवं स्वरूप में परिवर्तन कर मजदूरों के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। रैली पश्चात आयोजित सभा में जनप्रतिनिधियों द्वारा सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक बघेल ने कहा कि भले ही आप महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी योजना का नाम बदल दें, लेकिन उस मजदूरी से जो पैसा गरीब के हाथ में जाता है, उसमें आज भी गांधी जी की तस्वीर है उस तस्वीर को आप कैसे बदलोगे। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए कहा कि मनरेगा में 100 दिन के रोजगार को बढ़ाकर 125 दिन कर देना कोई बड़ी उपलब्धि नहीं है।

सरकार बताए कि क्या गरीब को साल में सिर्फ 125 दिन ही भूख लगती है बाकी 240 दिन वह क्या करेगा। क्या मजदूर और गरीब इंसान नहीं हैं। बघेल ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं बल्कि गरीबों और मजदूरों का अधिकार है, जिसे कमजोर करने की साजिश की जा रही है। बस्तर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार मजदूरों, किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों पर प्रहार कर रही है मनरेगा जैसी योजना में बजट कटौती, भुगतान में देरी और नाम परिवर्तन कर जनता को भ्रमित किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

बस्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश बघेल ने कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि गरीब, किसान और मजदूर के सम्मान की लड़ाई है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर इस आंदोलन को मजबूती देगी।

## 60 साल बेमिसाल एलुमनी मीट पर विद्यालय को मिला विकास का सहयोग



**लोहाण्डीगुड़ा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लोहंडीगुड़ा में आयोजित 60 साल बेमिसाल एलुमनी मीट के अवसर पर विद्यालय को विकासात्मक सहयोग प्राप्त हुआ। समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में डीआईजी दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप ने विद्यालय के आईटी लैब एवं पुस्तकालय के विकास हेतु एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपये का चेक प्रदान किया। यह चेक पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लोहंडीगुड़ा को औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे उपस्थित रहे। कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय ने उनके जीवन को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और वे भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करते रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित करने पर विशेष जोर दिया। प्राचार्य अशोक खापर्डे ने इस सहयोग के लिए कमलोचन कश्यप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राशि विद्यालय के आईटी लैब एवं पुस्तकालय को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगी। विद्यालय परिवार ने एलुमनी मीट को पूर्व छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच प्रेरणादायक सेतु बताया।


**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./ क / ब 121/ 2025- 2026

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक धरम नाग पिता स्व. लच्छु नाग जाति धुरवा निवास ग्राम भाटपाल द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके पिता स्व. लच्छु नाग पिता स्व. उड़कुड़ा की माता/पिता पदमा मृत्यु दिनांक 11/03/2020 को ग्राम भाटपाल में होना बताते हुए मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 15/02/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर — **तहसीलदार बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्रं./202512151000240/ ब-121/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि लुदरूराम नाग पिता स्व.दासरथी जाति माड़िया ग्राम बड़ांजी तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदक अपने चाचा का शासकीय कार्य हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कि आवेदक अपने दादाजी स्व. सुको नाग पिता चमरू का मृत्यु दिनांक 03/08/2006 को दर्शाया गया है।
जिसकी पेशी तिथि 13/02/2026 को नियत किया गया है, वह उद्घोषणा ग्राम पंचायत बड़ांजी के सूचना पटल में देखा जा सकता है । अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपप्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरांत प्राप्त आपप्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।
जारी दिनांक 30/01/2026

मुहर — **तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्रं./202512151000241/ ब-121/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि लुदरूराम नाग पिता स्व. दासरथी माड़िया ग्राम बड़ांजी तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदक अपने चाचा का शासकीय कार्य हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कि आवेदक अपने चचा स्व. चन्दुलाल नाग पिता सुको का मृत्यु दिनांक 05/06/2006 को दर्शाया गया है।
जिसकी पेशी तिथि 13/02/2026 को नियत किया गया है, वह उद्घोषणा ग्राम पंचायत बड़ांजी के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपप्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरांत प्राप्त आपप्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।
जारी दिनांक 30/01/2026

मुहर — **तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्रं./202512151000242/ ब-121/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि लुदरूराम नाग पिता स्व. दासरथी जाति माड़िया ग्राम बड़ांजी तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदक अपने चाचा का शासकीय कार्य हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कि आवेदक अपने पिताजी स्व. दासरथी नाग पिता सुको का मृत्यु दिनांक 05/06/2006 को दर्शाया गया है।
जिसकी पेशी तिथि 13/02/2026 को नियत किया गया है, वह उद्घोषणा ग्राम पंचायत बड़ांजी के सूचना पटल में देखा जा सकता है । अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपप्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरांत प्राप्त आपप्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।
जारी दिनांक 30/01/2026

मुहर — **तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर**





**खबर संक्षेप**

## आसना में मना कैंसर दिवस



**जगदलपुर।** विश्व कैंसर दिवस मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय बसाक के मार्गदर्शन में बुधवार को ग्राम पंचायत आसना के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला आसना में मनाया गया। यहां पर कैंसर के बारे में जानकारी एवं कैंसर से रोकथाम और कैंसर के मरीज का इलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. धर्मेंद्र देवांगन, नेत्र सहायक अधिकारी दयानंद पटेल, स्टाफ नर्स जयंती नेताम, देवकी नाग, स्कूल की प्रिंसिपल जमुना ठाकुर, रमेश उपाध्याय, रेखा सिंह, रूपा सार्वा, परवीन पाल आदि स्टाफ और समस्त स्कूल बच्चे उपस्थित रहे।

## कर्णेश्वर मेले में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने देव विग्रहों से लिया आशीर्वाद



धमतरी। कर्णेश्वर धाम में आयोजित पांच दिवसीय मेले में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने आंगा देवता सहित विभिन्न देव विग्रहों की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। ज्ञात हो कि कर्णेश्वर धाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह मेला अपनी विशिष्ट धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। इस मेले में छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलो के साथ-साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी अनेक देवी-देवताओं का आगमन होता है, जिससे यहां की आध्यात्मिक गरिमा और बढ़ जाती है। 11वीं सदी के ऐतिहासिक कर्णेश्वर मंदिर की प्राचीन विरासत, लोक आस्था और परंपराओं का अद्भुत संगम इस मेले में देखने को मिलता है। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने बताया कि कर्णेश्वर धाम केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और आस्था का जीवंत प्रतीक है।

## सीआरपीएफ में टेमेश का चयन

धमतरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देमार के भूतपूर्व छात्र टेमेश कुमार साहू ग्राम कुरमातराई निवासी का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयन होने पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। प्राचार्य देवनाथ साहू ने बताया कि टेमेश कुमार विद्यार्थी जीवन से ही देश सेवा के लिए तैयारी कर रहे थे। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, सरपंच विमलेश मीनपाल, विधायक प्रतिनिधि दिनेश साहू, सांसद प्रतिनिधि केआर साहू, संत कुमार साहू, संजय साहू, मणिकांत जोशी, श्रीमती परमेश्वरी साहू, श्रीमती शीतल मीनपाल, दिनेश कुमार कुंभकार, सुरेंद्र चौरे, सुरेश कुमार साहू, शीकुमार साहू, देवेंद्र कुमार साहू, हनीफ मोहम्मद पदमनी साहू, राकेश साहू, त्रिभुवन यादव, लोकेश सोनवानी, पुनेश्वर निर्मलकर ने हर्ष जताया है।

# प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन ओंकारेश्वर मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम

## शिखर कलश स्थापना में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मैत्री संघ मार्ग स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को पूरे विधि-विधान और वैदिक परंपराओं के साथ नित्य पूजन एवं अनुष्ठान संपन्न हुए। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति बनी रही। इस अवसर पर मंदिर में विराजित पूर्व विग्रह एवं राम परिवार के नूतन विग्रहों का महास्नान मंडप में विधिवत आयोजन किया गया,जिसमें श्रद्धालुओं ने दूध, दही, शहद, फल रस, गन्ने का रस आदि अर्पित कर भावपूर्वक देवताओं का अभिषेक किया। महास्नान के पश्चात मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई,जो वार्ड के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इसके बाद रत्न गर्भ प्रतिष्ठा एवं शिखर कलश स्थापना का पावन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंदिर के शिखर में धान्य लक्ष्मी की पूजा के साथ धान्य, पंचरत्न, तांबे के सिक्के, स्वर्ण,चांदी तथा श्रद्धालुओं द्वारा अपनी श्रद्धा व सामर्थ्य अनुसार अर्पित सामग्री को स्थापित किया गया। साथ ही पूर्व में वनयाग पूजन कर लाई गई सहाड़ा काष्ठ से निर्मित इंद्र एवं शची की





प्रतिमाओं की स्थापना की गई। संध्या आरती के साथ तीसरे दिन के धार्मिक अनुष्ठानों का समापन हुआ। बताया गया कि नित्य पूजन एवं समस्त अनुष्ठान आचार्य रोमित राज त्रिपाठी, आचार्य शिव मिश्रा, आचार्य मानस रंजन दास, आचार्य हेमंत शर्मा, पंडित चंदन तिवारी, पंडित शुभंकर मिश्रा, पंडित मृत्युंजय, पंडित अर्जुन मिश्रा, पंडित तापस के वैदिक मंत्रोच्चार से संपन्न कराए गए। इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष एवं महापौर संजय पाण्डेय सपत्नी पूजन में सम्मिलित हुए,वहीं बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### इंद्रावती नदी के संरक्षण का लिया गया संकल्प

महास्नान मंडप में वैदिक आचार्यों द्वारा इंद्रावती नदी के धार्मिक, सांस्कृतिक और जीवनदायी महत्व पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि इंद्रावती ही क्षेत्र के लिए गंगा स्वरूप है,जिसके जल से जीवन का पोषण होता है और समस्त मांगलिक कार्यों में कलश यात्रा के माध्यम से इसी नदी का जल उपयोग में लाया जाता है। जन्म से लेकर अंतिम संस्कार तक इंद्रावती का विशेष स्थान है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे नदी को स्वच्छ रखेंगे, प्लास्टिक एवं कचरा नदी में नहीं फेंकेंगे और भावी पीढ़ी के लिए इस जीवन वाहिनी का संरक्षण करेंगे।

## स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने मनाया रजत महोत्सव

# 50वें वर्ष को अधिक सुखमय व समृद्ध बनाने का करेगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- स्थापना के 25 वें वर्ष में लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ेंगे : दिनेश

एक प्रदेश के लिए 25 वर्षों का सफर बहुत लंबा नहीं लेकिन उसकी दिशा तय करने में ये शुरूआती कालखण्ड सबसे महत्वपूर्ण है। यह प्रदेश अब युवा हो रहा है। विकास के लगभग सभी प्रतिमानों को जिस तेजी से प्रदेश ने छुआ वो हमारे प्रयासों की दिशा की स्पष्टता को दिखाते हैं। छत्तीसगढ़ के विकास का एक प्रमुख आधार है विद्युत ऊर्जा। छत्तीसगढ़ की स्थापना के 25 वें वर्ष में जिस लक्ष्य को लेकर हम आगे बढ़ेंगे वो हमारी स्थापना के 50 वें वर्ष को अधिक सुखमय और समृद्ध बनाने का काम करेगा। उक्त बातें छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड जगदलपुर जोन की ओर से कृषि महाविद्यालय कुम्हरावंड के सभागार में गुरूवार को आयोजित रजत महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने कही। उन्होंने कहा कि विद्युत उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ की अलग ही पहचान है। सबको साथ लेकर, सबके विकास के लक्ष्य और सबके जीवन में रोशनी फैलाने की भावना लिए हम आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि छबिलेश्वर जोशी, संतोष बघेल, जयंती नेताम, मनोज पटेल, राजेश शर्मा, भूपेन्द्र ठाकुर के साथ अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू, एनके पोयाम, रवि चक्रवर्ती, कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी, सलीम खान, यूसूफ करकेट्टा, सुदीप खेस, चित्रा खत्री आदि अन्य अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।





### 3741 ग्रामों का किया विद्युतीकरण

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर कांकेर, कोण्डागांव एवं नारायणपुर जिलों के अंदरूनी क्षेत्र में 3741 ग्रामों का विद्युतीकरण किया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिला बल्कि कृषि और औद्योगिक क्षेत्र भी मजबूत हुए। कृषि पंप कनेक्शनों की संख्या में 15 गुना से अधिक 4152 से 64590 वृद्धि हुई है। निम्नदाब उपभोक्ताओं की संख्या 35902 से बढ़कर 810087 हो गई। घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शासन की जन हितैषी महत्वकांक्षी नियद नेल्लानार योजना संचालित है। जिसके अंतर्गत जिला बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कांकेर एवं नारायणपुर के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित 69 सुरक्षा कैम्पों के आप-पास 410 ग्रामों में विद्युत व्यवस्था निर्बाध रूप से बनाए रखने हेतु विद्युतीकरण व्यवस्था को सुदृढिकरण का कार्य प्रारंभ है।

**एसआईआर प्रक्रिया पर 'आप' का बड़ा हमला**

# फॉर्म-7 के दुरुपयोग से लोकतंत्र पर सुनियोजित प्रहार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह संगठन मंत्री समीर खान ने कहा छत्तीसगढ़ में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया को लेकर आम आदमी पार्टी ने चुनावी और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी का आरोप है कि मतदाता सूची के नाम पर लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर किया जा रहा है और सत्ता-समर्थित तंत्र के इशारे पर जाति व समुदाय विशेष को चिन्हित कर मताधिकार से वंचित करने की सुनियोजित साजिश रची जा रही है।



आप नेता इसे सामान्य प्रशासनिक त्रुटि मानने से इनकार करते हुए कहा कि यह सीधे-सीधे संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है। पार्टी के अनुसार,एसाईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना था, लेकिन व्यवहार में इसे चुनिंदा वर्गों के वोट काटने के औजार में बदल दिया गया है। पार्टी ने चुनाव आयोग से उच्चस्तरीय,स्वतंत्र और समयबद्ध जांच की मांग की है। आरोप है कि फॉर्म-7 के माध्यम से नाम काटने की प्रक्रिया में न तो पहचान पत्रों का सत्यापन किया गया और न ही हस्ताक्षरों का भौतिक परीक्षण, जिससे फर्जी आपत्तियों को बढ़ावा मिला।

अंत में पार्टी नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई प्रशासनिक दायरों से आगे निकल चुकी है और अब "वोट बनाम वर्चस्व" की जंग बन चुकी है, जिसमें हर संवैधानिक मंच पर आवाज बुलंद की जाएगी।

आप नेता समीर खान ने बताया रायपुर में पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष व अन्य प्रदेश पदाधिकारियो ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में प्रथम प्रकाशन और आपत्ति की समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी तार्किक विसंगतियाँ के नाम पर लगभग 30 प्रतिशत मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए, जबकि राजनीतिक दलों को इसकी औपचारिक सूचना नहीं दी गई। 20 जनवरी के बाद एसटी, एससी और मुस्लिम समुदाय से जुड़े मतदाताओं पर संगठित आपत्तियां दर्ज होने का आरोप लगाया गया।

# संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बस्तर संभाग के सात जिलों के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा
- प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में तीन दिवसीय खेल महाकुंभ

बस्तर ज़िला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा और सचिव राजेश त्रिपाठी ने प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। बस्तर ज़िला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आज से संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ होने जा रहा है। प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम स्थित इनडोर बैडमिंटन हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में बस्तर संभाग के सात जिलों बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंडागांव, नारायणपुर और कांकेर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। 6 फरवरी से प्रारंभ हो रही यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी, जिसमें 300 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न आयु और वर्गों में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।


प्रतियोगिता के तहत वूमेन्स, गर्ल्स, जूनियर्स और ओपन वर्ग में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। ओपन वर्ग में पुरुष खिलाड़ी एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में भाग लेंगे, जबकि महिलाएं ओपन सिंगल्स में हिस्सा लेंगी। बॉयज़ जूनियर वर्ग में अंडर-11, अंडर-15 और अंडर-19 आयु वर्ग के मैच खेले जाएंगे। वहीं जूनियर गर्ल्स वर्ग में अंडर-11 और अंडर-17 आयु वर्ग की खिलाड़ी केवल एकल स्पर्धा में भाग लेंगी। इसके अलावा 40 प्लस आयु वर्ग में केवल डबल्स मुकाबले होंगे और इस बार मिश्रित युगल प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन के दौरान सभी मैच निर्धारित मानकों के अनुसार कराए जाएंगे। सभी मुकाबले माविस-350 योनेक्स शटल कॉक से खेले जाएंगे।

# छात्र संगठन ने जर्जर स्कूलों के शीघ्र मरम्मत की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

जिले की गंभीर शिक्षा समस्याओं को लेकर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन जिला कमेटी धमतरी ने अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन सिंह को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले के जर्जर और अतिजर्जर स्कूल भवनों की शीघ्र मरम्मत, पुनर्निर्माण और मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि धमतरी जिले में कुल 164 सरकारी स्कूल जर्जर अवस्था में हैं, जिनमें 127 प्राथमिक, 35 माध्यमिक और 2 हाई स्कूल शामिल हैं। इसके अलावा 24 स्कूल ऐसे हैं जिनके पास स्वयं का भवन तक नहीं है। कई स्कूलों में छत से पपड़ियां गिर रही हैं, फर्श धंस गए हैं, शौचालयों की हालत खराब है और बरसात के दिनों में स्थिति और भयावह हो जाती है। मजबूरी में कई जगह कक्षाएं सामाजिक भवनों में संचालित की जा रही हैं। जिला अध्यक्ष डारेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षा समाज को सही दिशा देती है, लेकिन जर्जर भवनों में पढ़ाई छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा बन गई है। उन्होंने भोयना हाईस्कूल को हायर सेकंडरी स्कूल में उन्नयन, सभी स्कूलों और कॉलेजों को जोड़ने वाली निःशुल्क सरकारी बस सेवा शुरू करने, छात्रों के लिए पर्याप्त सीटों वाले सरकारी हॉस्टल खोलने और शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग रखी। जिला सचिव चंद्रभान चक्रधारी ने बताया कि पूर्व में भोयना हाईस्कूल को हायर सेकंडरी बनाए जाने का आश्वासन दिया गया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। छात्र संगठन ने शासन से मांग की है कि इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय गीता सारथी, गुमान साहू और पंकज साहू भी उपस्थित रहे।




## रजत जयंती महोत्सव मना

जगदलपुर। शहर के धरमपुरा में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड जगदलपुर द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नगर निगम के एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, राणा घोस, त्रिवेणी रंधारी, स्वेता बघेल, योगेंद्र पांडे, संग्राम सिंह राणा, योगेश शुक्ला, कार्यपालन अभियंता यूसूफ केरकेट्टा, सहायक अभियंत एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता देवचरण मांझी, बहादुर सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उपभोक्ताओं ने बिना बकाया राशि विद्युत देयक का भुगतान किया, उन उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया।



## खरेंगा में विवादास्पद नाली हटाई गई

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा में लंबे समय से विवाद का कारण बनी नाली को आखिरकार हटा दिया गया। यह कार्रवाई जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन के निर्देश पर की गई। नाली को लेकर ग्रामीणों के बीच असंतोष और विवाद की स्थिति बनी हुई थी, जिसे देखते हुए प्रशासनिक हस्तक्षेप आवश्यक हो गया था। उक्त नाली के निर्माण को लेकर ग्रामवासियों द्वारा लगातार शिकायतें की जा रही थीं। ग्रामीणों का कहना था कि नाली का निर्माण नियमों के विपरीत किया गया था, जिससे आवागमन में बाधा और तनाव उत्पन्न हो रहा था। मामले की गंभीरता को समझते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन ने संबंधित अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही पंचायत एवं प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर विवादास्पद नाली को तोड़ने की कार्रवाई की।

# खेल के मैदान से जीवन मूल्यों का विकास : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

मिशन मैदान में आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन गरिमापूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर शहर के समाजसेवी, धर्मप्रेमी एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पंडित राजेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के समापन समारोह में सिंधी समाज के वरिष्ठजनों, खिलाड़ियों एवं बड़ी संख्या में दर्शकों की सहभागिता रही।

समारोह को संबोधित करते हुए पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि खेल का मैदान व्यक्ति के व्यक्तिगत जीवन की खामियों को दूर करने का सशक्त माध्यम है। खेल के माध्यम से आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द्र का संचार होता है। उन्होंने कहा कि जीवन की प्रत्येक स्पर्धा में हार-जीत स्वाभाविक है, लेकिन खेल में भाग लेकर जो आत्मिक आनंद और सकारात्मक अनुभूति मिलती है, वही इसके आयोजन का मूल उद्देश्य है। श्री शर्मा ने यह भी कहा कि जिस निष्ठा, समर्पण और मेहनत के साथ सिंधी समाज ने इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया है, उससे निश्चित ही भविष्य में इस क्षेत्र से पारंगत खिलाड़ी निकलकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर धमतरी की पहचान बनाएंगे। इस अवसर पर सिंधी समाज के अध्यक्ष चंद्रलाल जसवानी, अशोक वाधवानी, महेश रामरख्यानी, महेश लचवानी, आमापारा पार्षद विजय मोटवानी, बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय साहू, सुनील रेवलानी, राजू पंजवानी, गुलशन छाबड़िया, यश राजपूत, पप्पू शिंदे, अमित पंजवानी, विकास शर्मा, कैलाश कुकरेजा, बंटी वधवानी, कैलाश बख्तानी, समाजसेविका प्राप्ति वाशानी सहित समाज प्रमुख और खिलाड़ी उपस्थित थे।

